इन्दौर समाचार, इन्दौर

गुरुवार, 14 जुलाई 2016

पांच विभूतियां आजाद-माथुर अलंकरण से होगी विभूषित

इंदौर। नेताजी सुभाष मंच के प्रदेश अध्यक्ष मदन परमालिया,



महासचिव विशाल आमणापुरकर ने बताया कि 23 जुलाई शनिवार को शाम 4 बजे आनंद मोहन माथुर सभागडह में भारत के अमर शलीद चन्द्रशेखर आजाद स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है का उदघोष करने वाले स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं प्रदेश के पूर्व महाधिवक्ता, स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय हिस्सेदारी निभाने वाले समाजसेवी आनंद मोह माथुर के 90वां जन्मदिवस प्रसंग पर पांच विभूतियों को आजाद-माथुर अलंकरण से विभूषित करेगा।

जिसमें अब्दुल कलाम नौशाद (क्लानियोरेट वादक), वरूण कपूर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नार्कोटिक्स, सुश्री बेला जैन आदिवासी झाबुआ जिले में शिक्षा एवं समाज सेवा, नंदकिशोर व्यास अंगदान के लिए प्रेरित कर जनजागृति लाने वाले, शकुर खान उर्दू, संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी अनेक भाषाओं के ज्ञाता व समाजसेवी को आजाद-माथुर अलंकरण से विभूषित किया जायेगा। इस अवसर पर 105 घंटे लगातार राष्ट्रीय देशभक्ति गीत गाने पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड व गोल्डन बुक में नाम अंकित करने वाले सलीम कुरैशी रतलाम को भी सम्मानित किया जायेगा।

समारोह में अतिथि के रूप में सज्जनसिंह वर्मा पूर्व मंत्री, अरुण यादव प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, सत्यनारायण सत्तन पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय कवि, जीतू पटवारी विधायक, डॉ. इशरत अली शहर काजी, विशप चाको केथोलिक समाज, श्याम कुमार आजाद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी संगठन मौजूद रहेंगे।